इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम–मिनी रत्न)
**INDIAN RAILWAY CATERING AND TOURISM CORPORATION LTD.**
**(A Govt. of India Enterprise-Mini Ratna)**
**CIN: L74899DL1999GOI101707**
**Website: www.irctc.com, Email: info@irctc.com**

## आईआरसीटीसी ''आई–पे'' सुविधा – कंपनी का अपना पेमेंट गेटवे

- आईआरसीटीसी का अपना पेमेंट गेटवे ''आई–पे'' जिसके माध्यम से उपयोगकर्ता रेलवे टिकट बुक करने के लिए पेमेंट कर सकते हैं।

- अप्रैल–2019 के महीने में लॉन्च होने पर,''आई–पे'' पेमेंट गेटवे का इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ता कुल ऑनलाइन रेल बुकिंग का केवल 5.8 प्रतिशत था, जो बढ़कर 13 प्रतिशत हो गया है।

- आई–पे के माध्यम से, एक दिन में 1.25 लाख से अधिक सफल लेनदेन किए जाते हैं।

- वर्तमान में आई–पे की सेवाएँ आईआरसीटीसी के व्यावसायिक कार्यक्षेत्रों जैसे कि हवाई टिकट, पर्यटन, आई–मुद्रा और ई–टिकटिंग में उपलब्ध है।

माननीय रेल संचार व इलेक्ट्रॉनिक सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री के नेतृत्व में 'आत्मनिर्भर भारत' और 'डिजिटल इंडिया' के माननीय प्रधान मंत्री जी के दृष्टिकोण के अनुसरण में, आईआरसीटीसी के माध्यम से हाल ही में अच्छे बुकिंग अनुभव के लिए, रेलवे की इंटरनेट टिकटिंग वेबसाइट www.irctc.co-in के अपने यूजर इंटरफेस को अपग्रेड किया है। इंटरनेट टिकटिंग वेबसाइट एशिया पेसिफिक तंत्र की सबसे बड़ी ई–कॉमर्स वेबसाइटों में से एक है। भारतीय रेलवे की कुल आरक्षित टिकटों का 80 प्रतिशत हिस्से की बुकिंग यहां होती है।

यात्री सेवा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए आईआरसीटीसी ने अपनी वेबसाइट/मोबाइल ऐप का उपयोग करने वाले उपयोगकर्ताओं के लिए त्वरित रिफंड की एक नई सुविधा शुरू की है। ''आईआरसीटीसी आईपे'' आईआरसीटीसी ने अब अपने पेमेंट गेटवे ''आई–पे'' को ''ऑटो–पे'' सुविधा से लैस किया है। इस सुविधा में, एक उपयोगकर्ता को अपने यू.पी.आई. बैंक खाते/अन्य भुगतान साधन को मात्र एक बार (सिंगल टाइम मैंडेट) सुविधा के माध्यम से डेबिट करने की अनुमति देनी होती है, जो उसके भुगतान साधन को ऑटोमेटिक अधिकृत कर देता है। ऑटोपे (पहले से दी गई ऑथोराइजेशन) की यह सुविधा टिकट बुकिंग में विश्वसनीयता सुनिश्चित करती है। यह सुविधा उन लेनदेन के केस में रिफंड के समय को भी कम करती है। जो तत्काल बुकिंग में वेटिंग सूची में रह जाते हैं और उनका टिकट ऑटो कैंसिल हो जाता है।

इस प्रक्रिया में, उपयोगकर्ता के बैंक खाते से उचित राशि टिकट के लिए ब्लॉक कर दी जाती है और डेबिट तभी किया जाता है जब टिकट कन्फर्म हो जाता है। तत्काल बुकिंग के वेटिंग सूची वाले मामलों के लिए, जहां चार्ट तैयार होने के बाद भी टिकट वेटिंग सूची में रहता है, उसमें केवल कैंसिलेशन चार्ज वसूल किया जाता है और रिफंड का मैंडेट जारी किया जाता है।

पंजीकृत एवं कॉरपोरेट कार्यालय : 11 वां तल, बी. 148 स्टेट्स मैन हाऊस, बाराखंभा रोड, नई दिल्ली. -110001 फोन : 23311263, 44168 (रेलवे ), फैक्स : 23311259
Regd. & Corp. Office : 11th Floor, B-148, Statesman House, Barakhamba Road, New Delhi – 110001. Tel : 23311263, 44168 (Rly.) Fax : 23311259

यह सुविधा उन मामलों में सबसे उपयोगी है जहां बैंक से भुगतान की कटौती के बाद भी टिकट बुक नहीं होता या वेटिंग लिस्ट वाला टिकट चार्ट तैयार होने के बाद भी वेटिंग में रह जाता है और टिकट को चार्टिंग से हटा दिया जाता है। ऐसे मामलों में केवल सर्विस चार्ज, कैंसिलेशन चार्ज और पेमेंट गेटवे चार्ज कटता है।

यह उन ग्राहकों को इस बात की स्वतंत्रता भी देता है जो आईआरसीटीसी से अपने बैंक खाते में रिफंड की चिंता किए बिना उसी दिन/अगले दिन की बुकिंग कराना चाहते हैं।